हिंदी दैनिक

# न्यूज़ वायरस

वर्ष : 11 अंक : 84 देहरादून, शनिवार, 17 सितंबर, 2022 मूल्य : एक रुपया पृष्ठ : 08



बच्चों भी बोले 'हैप्पी बर्थडे सीएम अंकल' 3

# विदेश में नौकरी के नाम पर ठगी करने वालों को उधमसिंह नगर एस.ओ.जी ने पकड़ लिया पंजाब से

## एसएसपी मंजूनाथ टी.सी की एस.ओ.जी टीम ने इंस्पेक्टर भारत सिंह के नेतृत्व में कर दिया कमाल



मंजूनाथ टी.सी, आईपीएसएस.एस.पी, उधमसिंह नगर



**मो.सलीम सैफी**
**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

रुद्रपुर,16 सितंबर। उधमसिंह नगर के एसएसपी मंजूनाथ टी.सी द्वारा क्राइम कंट्रोल के लिए एस0ओ0जी0 प्रभारी इंस्पेक्टर भारत सिंह की टीम को सक्रिय अपराधियों पर शिकंजा कसने के लिए जिम्मेदारी दी गई है जिसे अभी तक वो बखूबी निभा रहे है, एसओजी ने उनके नेतृत्व में शानदार टीम भावना का परिचय दिया है,उन्होंने न केवल एसएसपी मंजूनाथ टी.सी के भरोसे को अंजाम तक पहुंचाया बल्कि प्रभावी कार्यवाही भी की है।

ईनामी अपराधियों की गिरफ्तारी करके एसओजी ने उत्तराखंड पुलिस की शान बढ़ाई है । इसी क्रम में इंस्पेक्टर भारत सिंह ने एसपी सिटी रुद्रपुर मनोज कत्याल, एसपी क्राइम उधमसिंह नगर अभय सिंह,डिप्टी एसपी ऑपरेशन अनुषा बडोला के निर्देशन को बखूबी अंजाम तक पहुंचाया। इंस्पेक्टर भारत सिंह के नेतृत्व में एस0ओ0जी0 ने थाना दिनेशपुर पर रजिस्टर्ड एक मुकदमे के तहत काफी समय से फरार 30-30 हजार के ईनामी बदमाश हरगुन सिंह उर्फ रिंकल व कुलविन्दर कौर को शिकंजे में लेने के लिए तानाबाना बुना क्योंकि उन्होंने जागीर सिंह के बेटे को विदेश में नौकरी दिलाने के एवज में 12 लाख 50 हजार रुपये की धोखाधड़ी की थी, पूर्व में भी थाना पुलिस द्वारा अभियुक्त सुखवन्त सिंह को गिरफ्तार किया गया था, तब से ही हरगुन सिंह व कुलविन्दर कौर लगातार फरार चल रहे थे,ये शातिर बदमाश गिरफ्तारी से बचने के लिए लगातार अपने ठिकाने बदलकर रहते रहे , जिन पर रुपये 10-10 हजार का ईनाम भी घोषित किया गया था।

एसएसपी मंजूनाथ टी.सी के निर्देशानुसार ईनामी/ वाछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए एस0ओ0जी0 टीम वांछित अभियुक्तगणों की पतारसी- सुरागरसी करते हुए हरियाणा, पंजाब में अभियुक्तगणों की तलाश में जुटी रही। इंस्पेक्टर भारत सिंह की एस0ओ0जी0 टीम द्वारा अथक प्रयासों से आखिरकार 15 सितंबर को वो कामयाबी मिल ही गई जिसका एसएसपी मंजूनाथ को इंतजार था, हरगुन सिंह उर्फ रिंकल व कुलविन्दर कौर को जसवन्त नगर थाना डिवीजन नं0 7 जालंधर पंजाब से हस्व कायदा गिरफ्तार कर लिया गया । गिरफ्तार अभियुक्तगण को अग्रिम आवश्यक कार्यवाही हेतु थाना दिनेशपुर उधमसिंह नगर लाया गया है अब अभियुक्तगण को अग्रिम कार्यवाही हेतु सक्षम न्यायालय के समक्ष पेश किया जायेगा ।

**विवरण इस प्रकार है**

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1. हरगुन सिंह उर्फ रिंकल पुत्र तलविन्दर निवासी इन्द्रा कालोनी रुद्रपुर, उधम सिंह नगर
2. कुलविन्दर कौर पत्नी लखविन्दर सिंह निवासी इन्द्रा कालोनी रुद्रपुर, उधम सिंह नगर

**पुलिस टीम**

निरीक्षक भारत सिंह - प्रभारी एस0ओ0जी0 उधमसिंह नगर उ0नि0 ललित बिष्ट, उ0नि0 विकास चौधरी कानि0 राजेन्द्र कश्यप, कानि0 जरनैल सिह,कानि0 नीरज भोज, कानि0 गणेश पाण्डे,म0 कानि0 कंचन चौधरी, कानि0 गोकुल टम्टा ।

# मुख्यमंत्री धामी ने संकल्प दिवस पर संकल्प दौड़ का फ्लैग ऑफ किया



**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

देहरादून , 16 सितम्बर ,मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि उत्तराखण्ड को 2025 तक हर क्षेत्र में देश के अग्रणी राज्यों की श्रेणी में लाने के लिए राज्य सरकार कृत संकल्पित है। मुख्यमंत्री ने अपने जन्म दिवस के अवसर पर कहा जन भावनाओं के अनुरूप प्रदेश के समग्र विकास के लिए राज्य सरकार प्रयास कर रही है। उत्तराखंड की जनता से किए वायदों को पूरा करने की दिशा में तेजी से प्रयास किए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में केंद्र सरकार से देवभूमि उत्तराखंड के विकास के लिए पूरा सहयोग मिल रहा है, इसके लिए उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का आभार व्यक्त किया।मुख्यमंत्री ने अपने जन्म दिवस के अवसर पर प्रदेश की जनता के आशीर्वाद के लिए आभार व्यक्त व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि प्रदेश की देवतुल्य जनता के सहयोग से राज्य को हर क्षेत्र में अग्रणी बनाया जायेगा। राज्य सरकार विकल्प रहित संकल्प के साथ आगे बढ़ रही है। इस अवसर पर मेयर सुनील उनियाल गामा, विधायक खजानदास, संगठन मंत्री अजेय कुमार, पार्टी पदाधिकारी एवं गणमान्य उपस्थित थे।


# भारी बारिश के अलर्ट के बाद रोकी गई केदारनाथ की पैदल यात्रा



**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

रुद्रप्रयाग , 16 सितंबर , उत्तराखंड में रोजाना बारिश बनी हुई है कहीं मध्यम तो कहीं तेज़ , इसी बीच मौसम विभाग ने भारी बारिश की चेतावनी जारी की है, जिसके बाद आज केदारनाथ धाम की पैदल यात्रा को रोक दिया गया है. केदारनाथ यात्रा मार्ग के सोनप्रयाग-गौरीकुंड के बीच भारी मात्रा में मलबा आया है. इस कारण यात्रियों को सोनप्रयाग और गौरीकुंड में रोका गया है. अब मौसम खुलने और यात्रा मार्ग पर आये मलबे को साफ करने के बाद ही यात्रा शुरू होगी.आपको बता दे कि मौसम विभाग ने तीन दिन तक भारी बारिश की चेतवानी जारी की है. मौसम विभाग की चेतावनी सच भी साबित हो रही है. केदारनाथ धाम में दो दिन से रुक-रुक कर बारिश जारी है. जिसके बाद केदारनाथ यात्रा को आज सुबह से रोका गया है. केदारनाथ यात्रा मार्ग के सोनप्रयाग-गौरीकुंड के बीच मार्ग पर भारी मात्रा में मलबा आया है. इसके अलावा पैदल मार्ग पर गदेरे भी उफान पर आए हुए हैं.

# घूमना है विदेश पर नहीं आती इंग्लिश तो ये हैं आपके बेस्ट डेस्टिनेशंस



महविश की रिपोर्ट
न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून 16 सितंबर , हिंदी भाषी लोगों को कई बार देश से बाहर की ट्रिप प्लान करने में गहन चिंतन करना पड़ जाता है कि कोई उनकी भाषा समझने वाला उन्हें मिलेगा भी या नहीं. इस चिंता में कई बार बहुत से बने बनाए प्लान भी कैंसल करने पड़ जाते हैं. लेकिन, चलिए हिंदी दिवस के इस अवसर पर जानते हैं कि भारत के अलावा ऐसे कौनसे देश (Hindi Speaking Countries) हैं जहां अच्छीखासी संख्या में लोग हिंदी भाषी हैं. आप इन देशों की सैर के लिए भी निकल सकते हैं.

**घूमने के लिए हिंदी बोलने वाले देश**


**नेपाल :** भारत से लगे हुए पड़ोसी देश नेपाल में विश्वभर से टूरिस्ट आते हैं. यहां जनसंख्या का बड़ा हिस्सा हिंदी बोलना जानता है. भारत से लगे होने के कारण दोनों देशों की संस्कृति में भी कई समानताएं देखी जा सकती हैं. रही बात घूमने (Travel) की तो यहां काठमांडू, चितवन नैशनल पार्क, बोधनाथ और मंकी टैम्पल कुछ लोकप्रिय टूरिस्ट डेस्टिनेशन हैं.

**यूनाइटेड स्टेट्स ऑफ अमेरिका :** हिंदी बोलने वाली जनसंख्या में भारत और नेपाल के अलावा यूनाइटेड स्टेट्स (USA) का नाम भी लिस्ट में शुमार है. यहां तकरीबन 6 लाख 50 हजार लोग हिंदी में बात करना जानते हैं. अगर आपको थोड़ी बहुत भी अंग्रेजी आती है तो आपका यहां काम चल जाएगा. हो सकता है घूमते हुए भी आपको कोई ना कोई हिंदी भाषी मिल जाए. घूमने के लिए यहां एक से बढ़कर एक जगह हैं.

**फिजी :** फिजी ऐसा देश है जहां हिंदी बोलने का अच्छा खासा चलन है. इसके अलावा यहां 300 से ज्यादा द्वीप हैं जहां की सैर करने पर ही मजा आ जाएगा. आप फिजी में फिजी म्यूजियम, श्री सिवा सुब्रमन्यम स्वामी मंदिर, नाविलावा और स्नेक गोड केव को देखने जा सकते हैं.

**पाकिस्तान :** पाकिस्तान (Pakistan) ऐसा देश हैं जहां हिंदी भाषी लोग तो हैं ही, साथ ही उर्दू भी भारतीयों को आसानी से समझ आ जाती है. रही बात यहां घूमने की तो यह आपकी अपनी मर्जी है कि आप पाकिस्तान की सैर पर निकलना चाहते हैं या नहीं. हालांकि, करतारपुर साहिब गुरुद्वारे के लिए कई लोग पाकिस्तान जाते हैं.

**सिंगापुर :** भारतीय फिल्मों में भी और असल में भी बहुत से भारतीय भी अक्सर सिंगापुर की ट्रिप का प्लान बनाते हैं. यहां भी हिंदी बोलने वाले लोग आपको मिल ही जाएंगे. टूरिस्ट डेस्टिनेशंस में यहां सिंगापर फ्लायर, चाइनाटाउन, बोटानिक गार्डन और सिंगापुर ज़ू की सैर की जा सकती है.



# सूर्य गोचर : आज से शुरू होंगे इन राशियों के अच्छे दिन

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून 17 सितंबर , सूर्य का गोचर, ज्योतिष शास्त्र में खास महत्व रखता है. ज्योतिष शास्त्र के अनुसार 17 सितंबर को सूर्य का कन्या राशि में प्रवेश होने जा रहा है. सूर्य के इस राशि परिवर्तन से कुछ राशियों के अच्छे दिन शुरू होने वाले हैं. दरअसल ज्योतिष की मान्यता के अनुसार, जब कभी भी सूर्य का गोचर होता है तो इसका सभी राशियों पर असर पड़ता है. इस स्थिति में कुछ राशियों को लाभ होता है तो कुछ को नुकसान. ज्योतिष शास्त्र के अनुसार जानते हैं कि सूर्य के गोचर से किन राशियों की किस्मत बदल सकती है.

**मेष :** सूर्य का गोचर मेष राशि के लोगों के लिए खास रहने वाला है. इस दौरान संपत्ति और बिजनेस से लाभ होगा. इसके साथ ही अमूमन हर कार्यों में सफलता मिलने के आसार हैं. साझेदारी वाले व्यापार से लाभ हो सकता है. दैनिक कार्यों में प्रगति होगी. पारिवारिक समस्याओं का निराकरण होगा. कार्यस्थल या दफ्तर में मान-सम्मान में वृद्धि होगी. कार्यों की प्रगति से अधिकारी प्रसन्न होंगे. आर्थिक लाभ के कई अवसर प्राप्त होंगे. परिवार में कोई शुभ समचार मिल सकता है।

**मिथुन :** सूर्य का राशि परिवर्तन इस राशि के लिए शुभ साबित होने वाला है. सूर्य के गोचर की अवधि में किस्मत का भरपूर साथ मिलेगा. बिजनेस में रुका हुआ पैसा वापस मिलेगा. इस दौरान कोई शुभ समाचार मिल सकता है. किसी बिमारी का पता चेलेगा, लेकिन उसका समधान भी मिल जाएगा. आर्थिक लाभ के प्रबल योग हैं. व्यापार को लेकर कोई नई योजना बना लेंगे जो कि




लाभकारी सबित होगी. पुराने रुके हुए कार्य सफलतापूर्वक संपन्न होंगे. आकस्मिक धन लाभ हो सकात है.

**वृश्चिक :** सूर्य का गोचर इस राशि के लिए शुभ माना जा रहा है. गोचर की अवधि में किसी बड़ी चिंता से मुक्ति मिल सकती है. आर्थिक स्थिति में सकारात्मक बदलाव आएगा. कहीं दूर की यात्रा पर जा सकते हैं. संचित धन में बढ़ोतरी का योग बनेगा. कार्यस्थल पर अधिकारियों के संबंध मधुर होंगे. जमीन-जायदाद के काम में सफलता मिल सकती है. क्रय-विक्रय से लाभ होगा. नौकरी में पदोन्नति हो सकती है. कुल मिलाकर सूर्य का यह गोचर आपके लिए शुभ रहेगा.

**मीन :** सूर्य का गोचर होते ही अच्छे दिन की शुरुआत हो जाएगी. करियर में जबरदस्त सफलता देखने को मिल सकती है. इस दौरान अचनक धन लाभ का योग बनेगा. परिवार से शुभ समाचार सुनने को मिलेगा. पारिवारिक खुशी मिलेगी. आर्थिक स्थिति पहले से बेहतर होगी. बिजनेस में अटका हुआ पैसा वापस मिल सकता है. पिता की ओर से आर्थिक लाभ होगा.

# बच्चों भी बोले 'हैप्पी बर्थडे सीएम अंकल'






**सलीम सैफ़ी की रिपोर्ट**
**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

देहरादून 16 सितंबर , मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सीमाद्वार, देहरादून में आई.टी.बी.पी द्वारा 'संकल्प दिवस' पर आयोजित कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। इस अवसर पर उन्होंने छात्रों एवं जवानों के बीच केक काटकर अपना जन्मदिन मनाया।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि सेना एवं विद्यार्थियों से जुड़े कार्यक्रम हमेशा नई ऊर्जा देते हैं। अनेकता में एकता ही भारत की विशेषता है। हमारे जवान देश की सुरक्षा से लेकर हर क्षण सेवा हेतु तत्पर रहते हैं। सैनिकों एवं उनके परिवार का जीवन हमेशा ही संघर्ष भरा रहता है। हमारी सेना एवं अर्धसैनिक बलों का इतिहास हमेशा से ही शौर्य और पराक्रम का रहा है।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत का मान सम्मान स्वाभिमान बढ़ा है। उन्होंने कहा कि आजादी का अमृत महोत्सव पूरे देश में धूमधाम के साथ मनाया गया। अब देश का अमृतकाल शुरू हो चुका है।

इस अवसर पर विधायक सुरेश गड़िया, आईजी आई.टी.बी.पी नीलाभ किशोर, आईटीबीपी के अन्य अधिकारी व जवान तथा केंद्रीय विद्यालय के बच्चे मौजूद थे।

# मंत्री रेखा आर्या ने बालिका निकेतन में केक काटकर मनाया मुख्यमंत्री का जन्मदिन

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

देहरादून , 16 सितंबर , प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के जन्मदिन के अवसर पर आज महिला सशक्तिकरण एंव बाल विकास मंत्री रेखा आर्या केदारपुरम स्थित शिशु एंव बालिका निकेतन पंहुची। कैबिनेट मंत्री रेखा आर्या ने यहाँ पर नन्हें मुन्हें बच्चों के साथ केक काटकर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का जन्मदिन मनाया।

इस अवसर पर बच्चों द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी प्रस्तुत की गईं।इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री ने कहा कि आज हम संकल्प दिवस के रूप में पूरे राज्य में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का जन्मदिन मना रहे हैं।उन्होने कहा कि आज प्रदेश में जिस प्रकार मुख्यमंत्री धामी द्वारा ऐतिहासिक कार्य किए जा रहे हैं इससे निश्चित रूप से हम 2025 में उत्तराखंड को देश का अग्रणी राज्य बनाएगें। साथ ही

■ **ब2025 में उत्तराखंड को बनाएंगे देश का अग्रणी राज्य- रेखा आर्या**

उन्होने कहा कि आज बच्चों ने एक संकल्प लिया है कि वह अच्छे से पढाई करगें और अपने प्रदेश व देश का नाम रोशन करेगें,साथ ही स्वंय को आत्मनिर्भरता की और बढाने का काम करगें।निश्चित रूप से हम 2025 में प्रदेश को विकसित उत्तराखंड और आर्दश उत्तराखंड बनाने में सफल होगे। साथ ही कैबिनेट मंत्री रेखा आर्या ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के जन्मदिन के अवसर पर उनके उत्तम स्वास्थ्य और दीर्घायु की कामना की।इस अवसर पर जिला प्रोबेशन अधिकारी मीना बिष्ट ,अधिक्षिका सुनीता सिंह,मधु नवानी, लक्ष्मी भट्ट ,आशा कंडारी सहित शिशु निकेतन की बालिकाएं उपस्थित रहीं।



# नगर आयुक्त मनुज गोयल की शहर के पशुपालकों से अपील

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

देहरादून 16 सितंबर , मवेशियों में लंपी वायरस बीमारी देहरादून में भी बढ़ने लगी है। इस बीमारी से संक्रमित होने के कारण शहर के कुछ पशुपालक अपने संक्रमित पशु को उनके कानों से टैग काटकर सड़क में निराश्रित छोड़ रहे हैं । शहरवासी ऐसे पशुओं के उपचार एवं शरण के लिए नगर नगर निगम से सम्पर्क कर रहे हैं । नगर निगम ने ऐसे पशुओं के लिए कांजी हाउस में एक अस्थाई आइसोलेशन वार्ड बनाया है। जिसमे पशुओं का उपचार किया जा रहा है।नगर आयुक्त मनुज गोयल द्वारा शहर के सभी पशु पालकों से अपील की गयी है कि लंपी वायरस से ग्रसित पशु को निराश्रित न छोड़ें । संक्रमित पशु को निराश्रित छोड़ने से बीमारी का प्रसार और अधिक होगा। नगर आयुक्त महोदय द्वारा नगर निगम के वरिष्ठ पशु चिकित्सा अधिकारी को निर्देशित किया गया कि



मवेशियों में फैलीलंपी वायरस के रोकथाम हेतु जरूरी आवश्यक कार्रवाई करना सुनिश्चित करें।

**कार्यालय टिहरी विशेष क्षेत्र पर्यटन विकास प्राधिकरण गोल कोठी, कोटी कॉलोनी, पोस्ट कोटी कॉलोनी टिहरी गढ़वाल-249130**
**E mail-tadatehri@gmail.com**

पत्रांक-406/टि०झी०महो० 2022-23/ टिहरी — दि० 15/09/2022

"टिहरी झील महोत्सव हेतु लोगो तथा टैग लाइन निर्माण हेतु सूचना"

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि टिहरी झील महोत्सव हेतु स्थानीय थीम, पर्यावरण, ग्लोबल वार्मिंग, तथा जीरो वेस्ट को ध्यान में रखते हुये टैग लाईन तथा लोगो का डिजाईन तैयार किया जाना है। जिस हेतु आम जनमानस तथा छात्र-छात्राओं से अनुरोध है कि टिहरी झील महोत्सव हेतु टैग लाईन तथा लोगो का निर्माण कर टिहरी विशेष क्षेत्र पर्यटन विकास प्राधिकरण कार्यालय गोल कोठी कोटी कालोनी टिहरी गढ़वाल या जिला पर्यटन कार्यालय बौराडी नई टिहरी, टिहरी गढ़वाल में दिनांक 26.09.2022 तक जमा कराने का कष्ट करें। टैग लाईन तथा लोगो का डिजाईन tadatehri@gmail.com पर भी ई-मेल के माध्यम से भेजा जा सकता है। जिसका लोगों तथा टैग लाईन सबसे उत्कष्ट होगा, उसके लोगो तथा टैग लाईन का प्रयोग महोत्सव के समय किया जायेगा। साथ ही सर्वश्रेष्ठ लोगो और टैग लाईन के लिये चयनित व्यक्तियों को सम्मानित तथा पुरस्कृत किया जाय।

**अपर मुख्य कार्यकारी अधिकारी**
**टिहरी विशेष क्षेत्र पर्यटन विकास प्राधिकरण**
**टिहरी गढ़वाल।**

# आयोग ने 5000 पदों की 13 भर्तियां की रद्द, अब लोक सेवा आयोग जारी करेगा विज्ञापन

**फ़िरोज़ आलम गाँधी की रिपोर्ट**
**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

देहरादून 16 सितम्बर , यूकेएसएसएससी पेपर लीक विवाद से राज्य लोक सेवा आयोग के पास भर्तियों की जिम्मेदारी जाने के बाद बृहस्पतिवार को उत्तराखंड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग ने 13 भर्तियों के विज्ञापन रद्द कर दिए। इनमें समूह-ग के भी 5363 पदों पर भर्तियां की जानी थी। अब यह विज्ञापन राज्य लोक सेवा आयोग जारी करेगा।

शासन के निर्देश पर भर्तियों की जिम्मेदारी उत्तराखंड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग से राज्य लोक सेवा आयोग के पास जाने के बाद यूकेएसएसएससी की बैठक हुई। इसमें अधिसूचना के तहत तत्काल प्रभाव से 13 भर्तियों के विज्ञापन रद्द कर दिए गए।यह विज्ञापन पिछले साल जून से लेकर इस साल फरवरी तक जारी हुए थे, इनमें पुलिस कांस्टेबल, लेखपाल-पटवारी जैसी भर्तियों में एक लाख से ऊपर युवाओं ने आवेदन किए थे। अधीनस्थ सेवा चयन आयोग के सचिव सुरेंद्र सिंह रावत ने बताया कि अधिसूचना के क्रम में भर्तियों के विज्ञापन रद्द किए गए हैं।

यह सभी भर्तियां ऐसी हैं, जिनके ऑनलाइन आवेदन पूरे हो चुके थे। अधीनस्थ सेवा चयन आयोग इनकी परीक्षा की तैयारी में था, लेकिन अब विज्ञापन रद्द होने के बाद नए सिरे से राज्य लोक सेवा आयोग इनका विज्ञापन निकालेगा। सभी उम्मीदवारों को दोबारा ऑनलाइन आवेदन करना होगा। आयोग जल्द ही भर्तियों का कैलेंडर जारी करने वाला है।




**इन पदों पर भर्ती के लिए निकाले गए थे विज्ञापन**

| भर्ती का नाम- | विज्ञापन | जारी होने की तिथि- |
|---|---|---|
| पदपटवारी-लेखपाल भर्ती- | 16 जून 2021 | 554 |
| बंदी रक्षक भर्ती- | 28 जून 2021 | 213 |
| पर्यावरण पर्यवेक्षक, प्रयोगशाला सहायक भर्ती | 30 जून 2021 | 434 |
| मानचित्रकार, प्रारूपकार भर्ती- | 26 जुलाई 2021 | 60 |
| वन आरक्षी भर्ती | 18 अगस्त 2021 | 894 |
| जेई सिविल, विद्युत, यांत्रिक भर्ती- | 10 दिसंबर 2021 | 76 |
| अन्वेषक कम संगणक भर्ती- | 28 दिसंबर 2021 | 91 |
| पुलिस कांस्टेबल भर्ती- | 28 दिसंबर 2021 | 1521 |
| उप निरीक्षक पुलिस भर्ती- | 28 दिसंबर 2021 | 221 |
| चारा सहायक, सहायक कृषि अधिकारी भर्ती- | एक अक्तूबर 2021 | 463 |
| सहकारी पर्यवेक्षक भर्ती- | आठ जनवरी 2022 | 73 |
| गन्ना पर्यवेक्षक भर्ती- | आठ जनवरी 2022 | 100 |
| सहायक लेखाकार भर्ती- | पांच फरवरी 2021 | 663 |

# मंत्री अग्रवाल ने डीआरएम को दिए पुराने पुल निर्माण के निर्देश किया

**पुराने रेलवे मार्ग से गुजरते वक्त मंत्री अग्रवाल ने मौके से लगाया डीआरएम को फोन**



**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

ऋषिकेश 16 सितंबर , कैबिनेट मंत्री व क्षेत्रीय विधायक डा. प्रेमचंद अग्रवाल ने क्षतिग्रस्त पुराना रेलवे मार्ग को बनाने के लिए डीआरएम मुरादाबाद को फोन पर निर्देश दिए। मंत्री ने जल्द ऋषिकेश पहुंचकर क्षतिग्रस्त मार्ग का मुआयना करने को भी कहा। शुक्रवार को मंत्री डा. अगव्राल ने पुराना रेलवे मार्ग से ऋषिकेश से देहरादून जाते वक्त मौके पर उतरकर मुरादाबाद डिवीजन के उच्चधिकारी डीआरएम अजय नंदन से दूरभाष पर वार्ता की। मंत्री अग्रवाल जी ने डीआरएम अजय नंदन को मौके से ही क्षतिग्रस्त मार्ग की वास्तविक स्थिति बताई।

डा. अग्रवाल जी ने डीआरएम को बताया कि ऋषिकेश के पुराना रेलवे स्टेशन के समीप मार्ग पर में वृहद स्तर के गड्ढे हो रखे हैं। जिस पर छोटे ही नहीं बड़े वाहन भी असुविधा के साथ आवागमन करते हैं। बताया कि रात्रिकाल में इस मार्ग से गुजरना मुश्किल भरा रहता है। डा. अग्रवाल ने बताया कि कई बार इस मार्ग से जाते वक्त लोग चोटिल भी हो जाते हैं, साथ ही एक मृत्यु भी इस मार्ग पर हो चुकी है। डा. अग्रवाल ने डीआरएम को बताया कि बाहरी मार्ग से नगर के आंतरिक मार्ग को जोड़ने के चलते यह व्यस्तम मार्गों में से एक है।

डा. अग्रवाल ने बताया कि इस मार्ग से अधिकांश विद्यालयों की बसें, अस्पतालों की एंबुलेंस तक गुजरती है, ऐसे में इस मार्ग का बनना अतिआवश्यक है। मंत्री डा. अग्रवाल ने मार्ग की वास्तविक स्थिति बताकर डीआरएम अजय नंदन को दूरभाष पर निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि जल्द ऋषिकेश पहुंचकर क्षतिग्रस्त मार्ग का निर्माण किया जाए। जिससे इस मार्ग पर आवागमन सुविधाजनक हो सके।

# धूमाकोट का सरकारी शिक्षक गिरफ्तार, ओएमआर शीट में छेड़छाड़ करने का आरोप

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

देहरादून। 16 सितंबर , विजिलेंस से जांच ट्रांसफर होने के बाद एसटीएफ ने ग्राम विकास अधिकारी (वीपीडीओ) परीक्षा धांधली मामले में भी एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी धूमाकोट के एक सरकारी स्कूल का शिक्षक है।

ग्राम पंचायत विकास अधिकारी की परीक्षा वर्ष 2016 में हुई थी। इस परीक्षा में धांधली का पता चला तो शासन स्तर पर जांच की गई। वर्ष 2019 में दिसंबर तक जांच चली। धांधली की पुष्टि होने के बाद इसे विजिलेंस को भेज दिया गया। विजिलेंस ने जनवरी 2020 में इस मामले में मुकदमा दर्ज किया। मगर, अब तक किसी भी आरोपी को नामजद नहीं किया गया था। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के निर्देश पर इस मुकदमे की विवेचना भी एसटीएफ से कराने पर सहमति बनी।

शासन के निर्देश पर इस मुकदमे को पिछले दिनों एसटीएफ को सौंप दिया गया। जांच के दौरान फोरेंसिक प्रयोगशाला से ओएमआर शीट की जांच रिपोर्ट भी मंगाई गई। इसमें पुष्टि हो चुकी थी कि ओएमआर शीट में छेड़छाड़ की गई है।



एसटीएफ के एसएसपी अजय सिंह ने बताया कि इन सब साक्ष्यों के आधार पर शुक्रवार को एक आरोपी मुकेश कुमार शर्मा निवासी मोहल्ला वसंत विहार, गिरीताल, काशीपुर, ऊधमसिंह नगर को गिरफ्तार किया गया है। वह छुलसिया, धूमाकोट, पौड़ी गढ़वाल स्थित राजकीय प्राथमिक विद्यालय में शिक्षक है।

इस मामले में मुकेश से एसटीएफ को अहम जानकारियां मिली हैं। बताया जा रहा है कि जिन लोगों के पास ओएमआर शीट थी, उनके नाम भी मुकेश शर्मा ने बताए हैं। वे आयोग के थे या फिर किसी और संस्था के, यह अभी स्पष्ट नहीं हो पाया है। एसटीएफ ने चार लोगों को रडार पर लिया है। जल्द ही इनमें से भी कुछ की गिरफ्तारी हो सकती है।

# मुख्य सचिव ने पिरुल के कमर्शियल प्रयोग की संभावनाओं को तलाशे जाने के निर्देश दिए

**सलीम सैफ़ी की रिपोर्ट**
**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

देहरादून 16 सितंबर , मुख्य सचिव डॉ. एस. एस. संधु ने जंगलों को आग से बचाने के लिए पिरुल के निस्तारण एवं अन्य उपयोगों के सम्बन्ध में बैठक ली। मुख्य सचिव ने कहा कि प्रदेश में जंगलों की आग का मुख्य कारण पिरूल है, जिसके कारण हर साल अनमोल वन संपत्ति का नुकसान हो रहा है।

मुख्य सचिव ने कहा कि पिरुल के निस्तारण के बाद जंगलों की आग की संभावनाओं को कम किया जाने में मदद मिलेगी साथ ही इससे क्षेत्रीय लोगों को रोजगार भी मिलेगा। उन्होंने अधिकारियों को पिरुल के विभिन्न क्षेत्रों में कमर्शियल प्रयोग की संभावनाओं को तलाशे जाने के निर्देश दिए। उन्होंने पिरुल के प्रयोगों की अन्य संभावनाओं को तलाशे जाने हेतु एक्सपर्ट्स या किसी इंस्टीट्यूशन को लगाए जाने के भी निर्देश दिए।

मुख्य सचिव ने कहा कि पिरुल के ब्रिकेट कोयले के सब्सिट्यूट के रूप में इस्तेमाल किए जा सकते हैं। उन्होंने इसके लिए पिरूल से बड़े स्तर पर ब्रिकेट बनाने हेतु वन विभाग को योजना तैयार करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इसके प्लांट्स राज्य में हाई-वे के आसपास बनाए जाएं ताकि सप्लाई में आसानी हो। साथ ही, ब्रिकेट्स की मार्केटिंग के लिए थर्मल पॉवर प्लांट्स से संपर्क स्थापित किया जाए। मुख्य सचिव ने छोटे ब्रिकेट प्लांट के लिए स्वयं सहायता समूहों को जोड़ते हुए छोटी योजनाएं संचालित किए जाने के भी निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि योजना के संचालन के लिए साप्ताहिक मॉनिटरिंग की जाए।

मुख्य सचिव ने पूर्व में संचालित पिरुल से बिजली बनाए जाने वाले प्रोजेक्ट की व्यवहार्यता की जांच किए जाने के भी निर्देश दिए। साथ ही मुख्य सचिव ने उत्तरकाशी में संचालित हो रहे पिरुल से



बिजली उत्पादन हेतु लगाए गए प्लांट का स्वयं भी प्लांट में जाकर निरीक्षण करने की बात कही। इस अवसर पर प्रमुख सचिव आर. के. सुधांशु, सचिव आर. मीनाक्षी सुंदरम एवं डॉ. पंकज पाण्डेय सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित थे।

# कांग्रेस को बड़ा झटका,एससी-एसटी सेल के पूर्व प्रदेश सचिव भाजपा में शामिल

फ़िरोज़ आलम गाँधी की रिपोर्ट
न्यूज़ वायरस नेटवर्क




हरिद्वार , 16 सितम्बर , भारतीय जनता पार्टी के जिला कार्यालय हरिद्वार में सांसद डॉ. रमेश पोखरियाल निशंक ने कांग्रेस के एससी-एसटी सेल के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सुशील पेंगोवाल को भाजपा की सदस्यता दिलाई। पंचायत चुनाव के दौरान निशंक ने कांग्रेस को बड़ा झटका दिया है। सुशील पेंगोवाल पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत के करीबी माने जाते हैं और एससी-एसटी समुदाय में पकड़ रखते हैं।

इस मौके पर सांसद ने कहा कि भाजपा सरकार देश के गरीबों को समर्पित है। चाहे गांव हों, गरीब हों, किसान हों, दलित हो, पीड़ित हों, शोषित हों, भाजपा सरकार सभी वर्गों को साथ लेकर दिन-रात कार्य कर रही है। 2014 के बाद दलित समाज के उत्थान के लिए जितने ऐतिहासिक कार्य हुए हैं वह पिछले 50 वर्षों में भी नहीं हुए हैं। इस समाज का उपयोग कांग्रेस और बसपा ने केवल वोट बैंक के रूप में ही किया है।

डॉ. निशंक ने कार्यकर्ताओं से हरिद्वार में होने वाले पंचायत चुनाव में भारतीय जनता पार्टी को ऐतिहासिक जीत दिलाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि अधिक से अधिक जिला पंचायत सीटें जिताकर भाजपा को रिकॉर्ड मतों से जीत दिलाकर विजयी बनाएं। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ. जयपाल सिंह चौहान ने की। इस मौके पर पूर्व सांसद हरपाल साथी, अनिल अरोड़ा, विकास तिवारी, आदेश सैनी, संदीप गोयल, लव शर्मा, आशु चौधरी, ओमप्रकाश जमदग्नि, डॉ. रामपाल, अरविंद गौतम, मानवेंद्र सिंह उपस्थित रहे।

**निशंक ने किया चुनाव कार्यालय का शुभारंभ**

सांसद डॉ. रमेश पोखरियाल निशंक ने औरंगाबाद जिला पंचायत प्रत्याशी विमलेश देवी के चुनाव कार्यालय का उद्घाटन किया। इस मौके पर डॉ. निशंक ने कहा कि संसद में भाजपा प्रतिनिधियों के बहुमत से ही देश विकसित होने की दिशा में लगातार आगे बढ़ रहा है। विश्व में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की दूरदर्शी सोच के कारण भारत ने अलग मुकाम हासिल किया है, हर क्षेत्र में विकास योजनाओं को धरातल तक बड़ी तेजी से लाया जा रहा है।

राज्यसभा सांसद नरेश बंसल ने भाजपा प्रत्याशी के समर्थन में वोट मांगते हुए कहा कि क्षेत्र में भाजपा सरकार ने लगातार विकास कार्यों को गति मिली है। रानीपुर विधायक आदेश चौहान ने कहा कि क्षेत्र में भाजपा सरकार ने लगातार विकास कार्यों पर जोर दिया है। इस अवसर पर प्रदेश कांग्रेस सचिव अरुण चौहान ने कांग्रेस छोड़ अपने सैकड़ों समर्थकों के साथ भाजपा ज्वाइन की। इस मौके पर पूर्व दर्जाधारी ठाकुर सुशील चौहान, चुनाव प्रभारी मनोज गर्ग, चुनाव संयोजक मनोज धनकर, मंडल अध्यक्ष नागेंद्र राणा, प्रदेश महामंत्री किसान मोर्चा योगेश चौहान, विपिन चौहान, संजय चौहान, चरण सिंह, पूर्व मंडल अध्यक्ष वीरेंद्र बोरी, सतीश कुमार, कन्हैया सिंह थे।

**इन्होंने भी छोड़ी पार्टी**

सुशील पेंगोवाल के साथ अरुण चौहान पूर्व प्रदेश सचिव उत्तराखंड कांग्रेस, राजेंद्र भंवर पूर्व प्रदेश संयोजक, डॉ सावन जयंत पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष रुड़की, प्रदीप कुमार पूर्व ग्रामीण जिला अध्यक्ष पूर्व प्रधान अमरीश वाल्मीकि सहित सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की।

**पेंगोवाल बोले-कांग्रेस में बड़े नेताओं का हो रहा अपमान**

सुशील पेंगोवाल ने कहा कि कांग्रेस में बड़े नेताओं का अपमान हो रहा है। बड़े नेताओं की अनदेखी की जा रही है। कांग्रेस पार्टी के अपमान करने के बाद पार्टी को छोड़ा है। विधानसभा चुनाव में झबरेड़ा सीट से विधायक पद के टिकट की मांग की गई थी। पर टिकट नहीं मिला। जिला पंचायत चुनाव के भी अलावलपुर सीट से कांग्रेस ने टिकट का आश्वासन दिया हुआ था। लेकिन इस बार भी टिकट नहीं दिया। पिछले 20 वर्षों से कांग्रेस पार्टी ने कोई सम्मान नहीं दिया

# मदरसों के नए नियम : स्मार्ट स्कूल की तर्ज पर चलेंगे मदरसे : शादाब शम्स

न्यूज़ वायरस नेटवर्क





देहरादून 16 सितंबर , मदरसों में स्मार्ट क्लास शुरू होंगी। सुबह बच्चे कुरान पढ़ेंगे। इसके बाद सुबह नौ बजे से दोपहर दो बजे तक सामान्य स्कूल की तरह कक्षाएं चलेंगी। इनमें पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं को लैपटॉप व टैबलेट दिए जाएंगे। इसके अलावा कुछ मदरसों के छात्र-छात्राओं को ऑफलाइन और ऑनलाइन माध्यम से प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कराई जाएगी।

उत्तराखंड वक्फ बोर्ड की बैठक में पिरान कलियर दरगाह के बाहर सीसीटीवी लगाने का निर्णय लिया गया। बोर्ड के चेयरमैन शादाब शम्स ने कहा कि कैमरे से ऑनलाइन सभी गतिविधियों पर नजर रखी जा सकेगी। वक्फ बोर्ड के चेयरमैन के मुताबिक बोर्ड के तहत प्रदेश में 103 मदरसे हैं। इनमें कुछ मदरसों को स्मार्ट स्कूल की तर्ज पर चलाया जाएगा।

बोर्ड के चेयरमैन शादाब शम्स ने कहा कि दरगाह के भीतर कोई व्यक्ति नशा करके न जाए इसके लिए भी आवश्यक कदम उठाया जा रहा है।

बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि वक्फ बोर्ड की देहरादून, ऊधमसिंह नगर, हरिद्वार और नैनीताल की जिन संपत्तियों पर अतिक्रमण है। उन सभी 145 संपत्तियों को अतिक्रमण मुक्त कराया जाएगा। इसके लिए संबंधित को नोटिस जारी किया गया है।

# यूपी की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल LBS अकादमी के कार्यक्रम में होंगी शामिल

महविश की रिपोर्ट
न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून 17 सितम्बर , उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल तीन दिवसीय दौरे पर मसूरी पहुंची हैं। राज्यपाल आनंदीबेन पटेल आज लाल बहादुर शास्त्री प्रशासनिक अकादमी में आयोजित होने वाले कार्यक्रम में आनंदीबेन पटेल शिरकत करने आई हैं। इस दौरान राज्यपाल आनंदीबेन पटेल पद्मभूषण से सम्मानित लोगों से भी मुलाकात करने का कार्यक्रम है। इसके बाद 18 सितंबर को मसूरी के विभिन्न पर्यटक स्थलों का भ्रमण करेंगी. उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल के मसूरी दौरे को लेकर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं.



# IPS केवल खुराना के नेतृत्व में नागरिक सुरक्षा का दिखने लगा नया कलेवर

न्यूज़ वायरस नेटवर्क



देहरादून , 16 सितंबर ,नागरिक सुरक्षा देहरादून अपने नये कलेवर में दिखाई पड़ने लगा है। विगत दिनों में नागरिक सुरक्षा विभाग के नये मुखिया निदेशक केवल खुराना, आई.पी.एस. द्वारा विभाग का जिम्मा लेते ही नागरिक सुरक्षा के अधिकारियों, कार्मिकों एवं वाड्र्स के साथ बैठक कर समीक्षा की गयी थी। बैठक में नागरिक सुरक्षा से सम्बन्धित क्रियाकलापों का मासिक, त्रैमासिक, छमाही वार्षिक कार्य योजना बनाये जाने के साथ साथ इन कार्य योजनाओं की नियमित रूप से मॉनिटरिंग करने के आदेश अधिकारियों को दिये गये। नगर क्षेत्र देहरादून में विभिन्न स्थानों पर लगे नागरिक सुरक्षा सायरनों की मॉक ड्रिल और निरीक्षण के लिये डिप्टी कमांडेंट जनरल को निर्देशित भी किया गया था।

इसी कम में विभागीय अधिकारी सक्रिय दिखाई दिये और डिप्टी कमांडेंट जनरल अमिताभ श्रीवास्तव ने सुबह से कई इलाकों का दौरा कर वहां लगे नागरिक सुरक्षा सायरन की व्यवस्था को चेक किया । सायरन को चलाने की मॉक ड्रिल भी करायी गयी। इस दौरान प्रत्येक स्थल पर रखे इन सॉयरनों को वहाँ के कार्मिकों को भी उसके बारे में जानकारी प्रदान की गयी। विशेष रूप से यह निर्देशित किया गया कि नागरिक सुरक्षा विभाग तथा उक्त स्थान के कार्मिकों के मध्य किसी भी आकस्मिकता के स्थिति के दृष्टिगत पर्याप्त सावधानी, सामंजस्य एवं समन्वय बनाया जाये। प्रत्येक स्थान पर लगे बॉक्स पर नागरिक सुरक्षा का लोगो के साथ-साथ नागरिक सुरक्षा आपातकाल सायरन अनिवार्य रूप से होने के लिए निर्देशित किया गया। उक्त बॉक्स को ताले चाबी की व्यवस्था भी सुनिश्चित करने के लिये निर्देशित किया गया। इन सायरन की व्यवस्थाओं को प्रत्येक दशा में मासिक आधार पर चेक कर अद्यावधिक रखने हेतु भी निर्देशित किया गया।

निदेशक केवल खुराना, आई.पी.एस. के निर्देशन में इस कार्यवाही को नागरिक सुरक्षा के समस्त वार्डन द्वारा सराहा गया। यह भी आशा व्यक्त की गयी उक्त कार्यवाही समय-समय पर नियमित रूप से होती रहनी चाहिये। इस दौरान मुख्य वार्डन डा० सतीश अग्रवाल, उप मुख्य वार्डन उमेश्वर रावत, प्रभागीय वार्डन डा० विश्वरमन, वार्डन डा० मुशीर अजुम, डा० अशरफ खान, नितिन कुमार तथा शिवम गुप्ता के साथ-साथ सम्बन्धित पुलिस चौकी, यमुना भवन तथा वाटर वर्कस दिलाराम चौक के कार्मिक भी उपस्थित थे।

# दून में 113 पेटी अवैध शराब की बरामद, नशे के विरुद्ध बड़ी सफलता



फ़िरोज़ आलम गाँधी की रिपोर्ट
न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून 17 सितम्बर ,देहरादून के एसएसपी दिलीप सिंह कुंवर के निर्देशन में जनपद में नशे के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान में प्रभारी निरीक्षक नेहरू कॉलोनी द्वारा थाना क्षेत्र में अवैध मादक पदार्थों की तस्करी एवं बिक्री करने वालों तथा नशे की रोकथाम के लिए प्रभावी कार्यवाही किए जाने हेतु थाना स्तर पर समस्त चौकी प्रभारियों व उप निरीक्षको को कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया है ।इसी कड़ी में चौकी प्रभारी जोगीवाला उपनिरीक्षक पंकज तिवारी व सहयोगी पुलिस टीम ने ग्राम हरीपुर नवादा में एक बंद घर में दबिश देते हुए 113 पेटी अवैध अंग्रेजी शराब की बरामदगी की है। उपनिरीक्षक पंकज तिवारी को मुखबिर के माध्यम से सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम हरिपुर में एक घर में भारी मात्रा में अवैध अंग्रेजी शराब रखी हुई है, जिस पर उपनिरीक्षक पंकज तिवारी द्वारा अपने वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराते हुए हमराही पुलिस बल के साथ हरिपुर नवादा में एक घर पर दबिश दी गई तो उक्त आवास बंद मिला व घर के अंदर की लाइट जली हुई मिली, जिस पर स्थानीय जनप्रतिनिधियों को साथ लेकर भवन का मुख्य गेट का ताला तोड़ा गया व घर के अंदर जाकर चेक किया गया तो उक्त आवास में भारी मात्रा में अवैध शराब रखी मिली। जिस पर उक्त शराब को कब्जे पुलिस लेकर थाना नेहरू कॉलोनी पर मुकदमा पंजीकृत कराया गया है, चेकिंग के दौरान उक्त घर पर भारी मात्रा में विभिन्न अंग्रेजी शराब के ब्रांडों के रैपर भी बरामद हुए हैं। भवन स्वामी के संबंध में जानकारी की जा रही है। शीघ्र ही उक्त अवैध शराब के स्वामी व परिवहनकर्ता को गिरफ्तार किया जाएगा।अवैध शराब की बरामदगी करने वाली पुलिस टीम को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने 10000 रुपये के पुरस्कार से पुरस्कृत करने की घोषणा की गई है।

**ये है बरामदगी का विवरण - बरामद शराब की अनुमानित कीमत लगभग 20 लाख रुपये है।**

1- 48 बोतल रॉयल स्टैग अंग्रेजी शराब
2- 48 बोतल मैक डोवेल अंग्रेजी शराब
3- 384 बोतल ओल्ड स्मगलर अंग्रेजी शराब
4- 876 बोतल 999 पावर स्टार अंग्रेजी शराब

(कुल 1356 बोतल अंग्रेजी शराब) 113 पेटी

# युवाओं को इलेक्ट्रॉनिक संस्कृति से प्लेग्राउंड संस्कृति की ओर आकर्षित किया जाए : झरना कमठान



न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून 16 सितम्बर , जिलाधिकारी सोनिका के निर्देश के क्रम में मुख्य विकास अधिकारी झरना कमठान ने जिला कलेक्ट्रेट में खेल महाकुंभ 2022 की जनपद देहरादून में तैयारियों के संबंध में रेखीय विभाग के अधिकारियों की समीक्षा बैठक ली। उन्होने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए कहा कि युवाओं को इलेक्ट्रॉनिक संस्कृति से प्लेग्राउंड संस्कृति की ओर आकर्षित किया जाए। कहा कि अधिक से अधिक प्रतिभाशाली युवाओं को मोटिवेट करते हुए प्रतियोगिताओ के लिए चयन करें। जिससे युवाओं को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने को मौका मिल सकें।

प्रांतीय रक्षक दल विभाग के अधिकारियों ने बैठक में जानकारी दी कि राज्य में खेलों का वातावरण सृजित करने, युवाओं एवं दिव्यांग जनों का खेलों के प्रति आकर्षण पैदा करने, 38 वें राष्ट्रीय खेलों की मेजबानी के दृष्टिगत राज्य में खेलों का माहौल तैयार करने, प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को चिन्हित करने के उद्देश्य से खेल शिक्षा एवं पंचायती राज विभाग के सहयोग से युवा कल्याण एवं प्रांतीय रक्षक दल विभाग द्वारा विगत वर्षों की भांति 2022-23 में भी खेल महाकुंभ 2022 का आयोजन किया जा रहा है।

खेल महाकुंभ 19 सितंबर 2022 से 28 नवंबर 2022 तक प्रस्तावित है। उन्होने बताया कि न्याय पंचायत, विकासखंड, जनपद एवं राज्य स्तर की प्रतियोगिताओं के दौरान अधिक से अधिक प्रतिभाशाली खिलाड़ियों का चयन किया जाना है। खेल महाकुंभ के अंतर्गत राज्य के अधिक से अधिक युवाओं को प्रतिभाग करने का लक्ष्य है। चयनित प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को उच्च स्तरीय प्रशिक्षण प्रदान कर खेल विभाग द्वारा संचालित स्पोर्ट्स कॉलेज एवं खेल छात्रावास में प्रवेश दिए जाने के साथ ही इस प्रशिक्षण के माध्यम से युवाओं को सेना अर्धसैनिक बल पुलिस आदि में भर्ती के दौरान लाभ दिलाए जाने का लक्ष्य है।खेल महाकुंभ 2022 में न्याय पंचायत से राज्य स्तर तक के 21 वर्ष तक के युवा प्रतिभाग कर सकते हैं। न्याय पंचायत के तहत अथवा उसके निकटस्थ युवा जो नगर पंचायत नगर पालिका, नगर निगम क्षेत्र में निवासरत है, वह अपने निकटतम न्याय पंचायत में प्रतिभाग कर सकते हैं। इसी प्रकार विकासखंड के तहत अथवा उसके निकटस्थ युवा जो नगर पंचायत, नगर पालिका, नगर निगम क्षेत्र में निवासरत है वह अपनी निकटतम विकासखंड में प्रतिभाग कर सकते हैं। जनपद स्तर पर जडो, ताइक्वांडो ,बॉक्सिंग, कराटे ,टीटी, हैंडबॉल, बॉस्केटबॉल तथा 17 से 21 वर्ष की आयु वर्ग के विशेष पैंटाथलान प्रतियोगिता एवं अन्य खेल विकास खंड के चयनित टीम से किया जाएगा। राज्य स्तर पर जनपद के चयनित खिलाड़ियों को प्रतिभाग कराया जाएगा।

## संपादकीय

# पाकिस्तान का पैंतरा

अफगानिस्तान में सत्तारूढ़ तालिबान ने स्पष्ट कहा है कि आतंकी गिरोह जैश-ए-मोहम्मद का सरगना मसूद अजहर अफगानिस्तान में नहीं है. कुछ दिन पहले पाकिस्तान के विदेश मंत्रालय के हवाले से खबरें छपी थीं कि पाकिस्तान ने तालिबान से मसूद अजहर को खोजने और पकड़ने का अनुरोध किया है. भारत के विरुद्ध कई आतंकी घटनाओं को अंजाम देने वाले मसूद अजहर को मई, 2019 में संयुक्त राष्ट्र के सुरक्षा परिषद ने 'वैश्विक आतंकवादी' करार दिया था. यह जगजाहिर तथ्य है कि पाकिस्तान मसूद अजहर समेत कई खतरनाक आतंकियों को दशकों से पाल-पोस रहा है. अजहर और अन्य आतंकियों के पाकिस्तान में होने के कई सबूत हैं तथा उन्हीं आधारों पर उसके खिलाफ पाबंदियां भी लगायी गयी हैं. आतंक को धन व अन्य मदद के आरोप में उससे सफाई भी मांगी जाती रही है. बहुत संभव है कि वह दुनिया का ध्यान हटाने अपने ऊपर से हटाने के लिए अफगानिस्तान का बहाना बना रहा है. उल्लेखनीय है कि 1999 में एक भारतीय यात्री विमान को अगवा कर यात्रियों को सुरक्षित छोड़ने के बदले आतंकियों ने मसूद अजहर को भारतीय जेल से रिहा करा लिया था. वह विमान तालिबान की राजधानी कहे जाने वाले कंधार हवाई अड्डे पर ले जाया गया था. उस समय भी वहां के सत्ता तालिबान के पास थी. इसमें कोई दो राय नहीं है कि दक्षिणी एशिया में सक्रिय आतंकियों के अल-कायदा, इस्लामिक स्टेट और तालिबान से संबंध रहे हैं. विभिन्न गिरोहों के बीच आतंकियों की आवाजाही भी होती रहती है. लेकिन पिछले साल दो दशक बाद सत्ता में वापस आये तालिबान ने पूरी दुनिया को यह भरोसा दिलाया है कि वह अफगानिस्तान की धरती का इस्तेमाल आतंकवाद और किसी अन्य देश के विरुद्ध हिंसा के लिए नहीं करने देगा. एक साल की अवधि में इस वादे का परीक्षण नहीं हो सकता है, पर तालिबान ने लगातार भारत से सहयोग मांगा है और उसकी प्रशंसा की है. भारत ने भी बड़ी मात्रा में अनाज, दवाएं और अन्य चीजें भेजी हैं. ऐसे में भारत यह अपेक्षा कर सकता है कि तालिबान भारत को अस्थिर करने वाले आतंकियों को समर्थन नहीं करेगा. पाकिस्तान के अतीत को देखते हुए उसकी इस बात पर भरोसा करना असंभव है कि मसूद अजहर पाकिस्तान में नहीं है. अगर वह चोरी-छिपे अफगानिस्तान गया भी होगा, तब भी उसका स्थायी ठिकाना पाकिस्तान में ही है. हमें यह भी याद रखना चाहिए कि सुरक्षा परिषद में चीन भी तकनीकी बहानों से अजहर का बचाव करता था. बहरहाल, अगर पाकिस्तान को उसके बारे में ठोस जानकारी है, तो उसे तालिबान शासन के सामने रखना चाहिए.

# सीएम धामी के जन्मदिन पर मंत्री गणेश जोशी ने खिलाई मिठाई, बांटे उपहार

न्यूज़ वायरस नेटवर्क




देहरादून,16 सितम्बर। प्रदेशभर में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के जन्म दिवस को संकल्प दिवस के रूप में मनाया जा रहा है। प्रदेशभर में भाजपा द्वारा विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। देहरादून कैनाल रोड स्थित सामुदायिक केंद्र, शिव मंदिर बारीघाट में संकल्प दिवस के अवसर पर आयोजित स्वच्छता से संबंधित सामग्री का वितरण कार्यक्रम में कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के साथ कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। कार्यक्रम में कार्यक्रम में लोगों को स्वच्छता से संबंधित सामग्री वितरण किया गया। साथ ही कार्यक्रम में मौजूद लोगों को मिष्ठान किट वितरित किए गए।



वहीं इस अवसर पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि उत्तराखंड को आने वाले पांच सालो के अंदर हर क्षेत्र में देश के अग्रणी राज्यों की श्रेणी में लाने के लिए राज्य सरकार कृत संकल्पित है। मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में केंद्र सरकार से देवभूमि उत्तराखण्ड के विकास के लिए पूरा सहयोग मिल रहा है, इसके लिए उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार व्यक्त किया। मुख्यमंत्री धामी ने अपने जन्मदिन के अवसर पर प्रदेश की जनता के आशीर्वाद के लिए आभार व्यक्त किया। वहीं कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को जन्मदिन की बधाई और शुभकामनाएं दी साथ ही उनके दीर्घायु की भी कामना की।

# बदरीनाथ में होटल बुकिंग के नाम पर ठगी करने वाला आरोपी राजस्थान से गिरफ्तार

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

गोपश्वर,16 सितम्बर। बदरीनाथ धाम में ऑनलाइन होटल बुकिंग के ठग को पुलिस ने राजस्थान से गिरफ्तार कर लिया है। इसके लिए पुलिस टीम ने एक सप्ताह तह भरतपुर में डेरा डाले रखा। मामले में आरोपी के साथी हकिमुद्दीन को पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है।

आरोपी पर चमोली पुलिस ने पांच हजार रुपये का इनाम रखा था। एसपी ने आरोपी को पकड़ने के लिए प्रभारी निरीक्षक गोपेश्वर राजेंद्र सिंह रौतेला के नेतृत्व में टीम गठित की। एक सप्ताह के प्रयासों के बाद टीम ने अभियुक्त बिलाल उर्फ भूवला निवासी ग्राम घोघोर थाना कैथवाड़ा, तहसील कामा, जिला भरतपुर राजस्थान को स्थानीय पुलिस के सहयोग से दबोच लिया।




15 सितंबर को स्थानीय न्यायालय में पेश करने के बाद उसे ट्रांजिट रिमांड पर चमोली लाया गया। आरोपी के खिलाफ बदरीनाथ कोतवाली, राजस्थान के कैथवाड़ा थाने, गुड़गांव के राजेंद्र पार्क थाने और साइबर क्राइम आउटर नार्थ डिस्ट्रिक दिल्ली में मुकदमें दर्ज हैं। पुलिस टीम में वरिष्ठ उपनिरीक्षक संजीव कुमार, कांस्टेबल संजय सिंह, प्रदीप कुकरेती, एसओजी कांस्टेबल आशुतोष तिवारी शामिल थे।

घर पर खोला था ग्राहक सेवा केंद्र

पुलिस के अनुसार हकिमुद्दीन और बिलाल एक साथ ठगी करते थे। हकिमुद्दीन रात को आबादी से दूर खेतों में बैठकर होटल बुकिंग के नाम पर ठगी करता था। ठगी के पैसे हकिमुद्दीन के खाते में आते थे। पुलिस से बचने के लिए बिलाल ने अपने घर पर ग्राहक सेवा केंद्र खोला था। इससे ठगी के पैसों को आधार कार्ड के माध्यम से निकाल लेते थे। इसके एवज में बिलाल को कमीशन मिलता था। पुलिस के अनुसार वह ठगी के अन्य लोगों के पैसों को भी इसी तरह से निकलवाता था और कमीशन लेता था।

# छह जिलों में 34 नए संक्रमित मिले 196 पहुंची सक्रिय मरीजों की संख्या

देहरादून, 16 सितंबर ।उत्तराखंड में कोरोना संक्रमण की रफ्तार कम होने लगी है। बीते 24 घंटे के भीतर प्रदेश के छह जिलों में 34 नए संक्रमित मरीज सामने आए हैं। जबकि 44 मरीज ठीक हुए हैं। शुक्रवार को सक्रिय मरीजों की संख्या में कमी आई है। फिलहाल प्रदेश में 196 सक्रिय मरीजों का इलाज चल रहा है। जबकि गुरुवार को प्रदेश में 207 सक्रिय मरीज थे। स्वास्थ्य विभाग के मुताबिक शुक्रवार को 1187 सैंपलों की जांच रिपोर्ट निगेटिव आई है। वहीं, सामने आए 34 मामलों में सबसे ज्यादा 16 मामले नैनीताल में आए हैं। वहीं, देहरादून में नौ, हरिद्वार में तीन, चमोली में चार, चंपावत और पौड़ी में एक-एक संक्रमित मरीज सामने आए हैं। वहीं, अल्मोड़ा, बागेश्वर, पिथौरागढ़, रुद्रप्रयाग, टिहरी , ऊधमिसंह नगर और उत्तरकाशी में एक भी संक्रमित मरीज सामने नहीं आया है। साथ ही प्रदेश की रिकवरी दर 95.87 प्रतिशत और संक्रमण दर 2.78 दर्ज की गई है।




# बच्चे हमारे देश का भविष्य, कुपोषण से मुक्ति दिलाना हमारा लक्ष्य : रेखा आर्या

आशीष तिवारी की रिपोर्ट
न्यूज़ वायरस नेटवर्क




देहरादून, 16 सितंबर। इंडियन मेडिकल एसोसिएशन और महिला सशक्तीकरण एवं बाल विकास विभाग के तत्वाधान में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया । कार्यक्रम में कैबिनेट मंत्री रेखा आर्या ने मुख्य अतिथि के तौर पर शिरकत की। बाल विकास विभाग द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में कई आंगनबाड़ी केंद्रों से महिलाएं और उनके बच्चे उपस्थित रहे मुख्य अतिथि रेखा आर्या ने अपने संबोधन में कहा कि हमारे समाज मे कई बच्चे कुपोषण का शिकार हैं ऐसे में उनके विभाग द्वारा एक सितंबर से कुपोषण मुक्त उत्तराखंड बनाने के लिये पोषण माह के तहत कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इन कार्यक्रमों के माध्यम से हमारी आंगनबाड़ी बहने अपने-अपने केंद्रों में कुपोषित बच्चों को पोषण किट का वितरण करने के साथ ही आम जनमानस को जागरूक करने का काम कर रही हैं उन्होंने कहा कि कुपोषण मुक्त उत्तराखंड बनाने को लेकर हमारा विभाग लगातार प्रयासरत है, आज हम मुख्यमंत्री जी के जन्मदिन पर यह संकल्प ले रहे हैं की आने वाले 2025 तक हम अपने प्रदेश को कुपोषण मुक्त करें।महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास मंत्री रेखा आर्या ने इस दौरान सभी आंगनबाड़ी बहनों से कहा की कि वह सभी अपने केंद्रों में लगातार जागरूकता अभियान चलाए और गर्भवती महिलाओं की लगातार मोनिटरिंग की जाए । साथ ही उन्होंने कहा कि आज विभाग के जरिये मुख्यमंत्री आँचल योजना ,वात्सल्य सहित कई कल्याणकारी योजनाएं चलाई जा रही हैं। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री ने आये हुए बच्चों को पोषण किट वितरित की और उनका स्वास्थ्य परीक्षण करवाया।





**शुभकामनाएं :** उत्तर प्रदेश के पूर्व अपर मुख्य सचिव आदरणीय श्री अवनीश कुमार अवस्थी जी को माननीय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी का सलाहकार नियुक्त किये जाने पर न्यूज़ वायरस नेटवर्क की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं और बधाई, मो.सलीम सैफी, समूह संपादक

## कूड़े के लिए बने एप में दर्ज शिकायतों का दो हफ्ते में निस्तारण करने के निर्देश

नैनीताल, 16 सितंबर। नैनीताल हाईकोर्ट ने प्लास्टिक कचरे के निपटारे के लिए बनाए गए एप को जीओ टैगिंग से जोड़ने के साथ संबंधित क्षेत्र के अधिकारियों के फोन, व्हाट्सएप नंबर इसमें सार्वजनिक करने के निर्देश दिए। कोर्ट ने अपने आदेश में कहा कि यदि दो हफ्ते के भीतर एप में दर्ज शिकायतों का निस्तारण नहीं हुआ तो संबंधित क्षेत्र के अधिकारी जिम्मेदार होंगे।

मुख्य न्यायाधीश विपिन सांघी एवं न्यायमूर्ति आरसी खुल्बे की खंडपीठ ने राज्य में प्लास्टिक कचरे पर पूर्ण रूप से प्रतिबंध लगाने के लिए दायर जनहित याचिका पर सुनवाई की। कोर्ट ने मॉनिटरिंग कमेटी से अब तक कूड़ा निस्तारण के लिए की गई कार्रवाई के बारे में भी पूछा और वन पंचायतों के नक्शे ऑनलाइन करने के भी निर्देश दिए हैं। अल्मोड़ा के हवालबाग निवासी जितेंद्र यादव ने हाईकोर्ट में जनहित याचिका दायर कर कहा कि राज्य सरकार ने वर्ष 2013 में प्लास्टिक यूज और उसके निस्तारण के लिए नियमावली बनाई थी। पर इनका पालन नहीं हो रहा है। केंद्र सरकार ने भी प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेंट के नियम बनाए, जिसमें उत्पादकर्ता, परिवहनकर्ता और विक्रेताओं को जिम्मेदारी दी गई थी कि वह जितना प्लास्टिक निर्मित माल बेचेंगे उतना ही खाली प्लास्टिक वापस लाएंगे।

## देहरादून में सहस्त्रधारा रोड चौड़ीकरण में पेड़ों के कटान पर लगी रोक हटी

नैनीताल, 16 सितंबर। नैनीताल हाईकोर्ट ने देहरादून सहस्रधारा रोड के चौड़ीकरण में 2057 पेड़ों के कटान पर लगी रोक हटा दी है। सरकार को वन्य जीव शोध संस्थान (एफआरआई) की निगरानी में पेड़ों के प्रत्यारोपण के निर्देश दिए हैं। सुनवाई की अगली तारीख 22 फरवरी 2023 तय की है। मुख्य न्यायाधीश विपिन सांघी एवं न्यायमूर्ति आरसी खुल्बे की खंडपीठ के समक्ष मामले की सुनवाई हुई।

देहरादून निवासी आशीष गर्ग ने हाईकोर्ट में जनहित याचिका दायर की थी। याचिका में कहा गया कि देहरादून जोगीवाला से खिरसाली चौक होते हुए सहस्रधारा मार्ग के प्रस्तावित चौड़ीकरण के लिए 2057 पेड़ों का कटान किया जाना है। देहरादून घाटी और शहर पहले से जलवायु परिवर्तन की मार झेल रहा है। हर जगह हीट आईलैंड विकसित हो रहे हैं और तापमान में बढ़ोतरी हो रही है।

याचिका में कहा कि सहस्रधारा अपने शीतल जल और पर्यावरण के लिए जाना जाता है जबकि इस तरह के प्रस्तावित कटान से सहस्रधारा तक का पूरा रास्ता उजाड़ और बंजर हो जाएगा। इसके अस्तित्व को बचाए रखने के लिए पेड़ों के कटान पर रोक लगाई जाए।

सुनवाई के दौरान सरकार की ओर से कहा गया कि जिन यूकेलिप्टस पेड़ों को हटाया जाना है वह आयु पूरी कर चुके हैं और सरकार की भूमि पर हैं। यूकेलिप्टस के कटान के लिए अनुमति की जरूरत नहीं है। राज्य में जो प्रत्यारोपण किया जा रहा है, उसमें सौ प्रतिशत सफलता मिल रही है। आइआइएम काशीपुर में भी प्रत्यारोपण सफल रहा है।

# सरेआम महिलाओं से पर्स और चेन छीनकर भागे उचक्के



न्यूज़ वायरस नेटवर्क

हल्द्वानी ,16 सितम्बर। बदमाशों के हौसले बढ़ते जा रहे हैं। पुलिस का खौफ उनमें नहीं दिख रहा है। लगातार बढ़ते अपराध इसके सबूत हैं। शुक्रवार को ही दो जगहों पर उच्चके दो महिलाओं की चेन और पर्स छीनकर फरार हो गए। इस पर लोगों ने नाराजगी जाहिर की है।

रामनगर के मोहल्ला भरतपुरी निवासी उत्तम सिंह अपनी पत्नी रेनू बिष्ट के साथ चोरपानी से पैदल आ रहे थे। पेट्रोल पंप के समीप अज्ञात बाइक सवार रेनू के कंधे से पर्स छीन फरार हो गया। उधर से गुजर रहे विधायक प्रतिनिधि मदन जोशी उन्हें कोतवाली ले गए। एसएसआइ प्रेम विश्वकर्मा ने सीसीटीवी कैमरा खंगाल जानकारी जुटाई।

कोतवाली में दी तहरीर में पीड़िता ने बताया कि पर्स में पांच हजार रुपये, चांदी का सिक्का, आधार कार्ड, पैन कार्ड व एटीएम कार्ड था। वहीं, पिछले कुछ समय से राहगीरों से मोबाइल फोन व पर्स झपटने के अलावा नगर में चोरियां भी बढ़ रही हैं। पीरूमदारा के बसई गांव में हुई चोरी का पर्दाफाश अब तक नहीं हो पाया है। वहीं बीती सात सितंबर को पूर्व सैनिक वरिष्ठ नागरिक का भी पर्स झपट बाइक सवार फरार हो गए थे।

ई-रिक्शा से उतरने ही वृद्ध की चेन गायब हल्द्वानी में ई-रिक्शा से घर लौट रही बुजुर्ग महिला की चेन पार हो गई। सूचना मिलने पर पार्षद रवि जोशी व अन्य लोग भी गुस्से में आ गए। उनका कहना था कि शहर में चोरी, झपटमारी समेत अन्य घटनाएं लगातार बढ़ रही है। जिस वजह से लोगों में डर का माहौल है। कोतवाल हरेंद्र चौधरी और मुखानी एसओ रमेश बोरा भी पहुंच गए। पुलिस अब कालाढूंगी रोड के कैमरे खंगालने में जुटी है। पांडे निवास की निवासी बुजुर्ग मुन्नी पांडे शुक्रवार को डाक्टर को दिखा आदर्श नगर से ई-रिक्शा से घर को लौट रही थीं। दो महिलाओं के साथ ही लड़की भी उसमें सवार थी। ई-रिक्शा से उतरने के बाद देखा कि गले से सोने की चेन गायब है।

दैनिक
न्यूज वायरस

न्यूज़ वायरस नेटवर्क प्रा. लिमिटेड, मेरठ के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक मौ. सलीम सैफी द्वारा विश्वनाथ प्रिंटर्स, अजबपुर कलां, देहरादून से मुद्रित एवं 48/3 बलबीर रोड, डालनवाला, देहरादून (उत्तराखंड) से प्रकाशित।

सम्पादक :
मौ. सलीम सैफी
कार्यकारी सम्पादक
आशीष तिवारी
दूरभाष : 0135-2672002

email-dainiknewsvirus@gmail.com
RNI No.- UTTHIN/2012/44094

वाद-विवाद का न्याय क्षेत्र देहरादून न्यायालय मान्य होगा